an>

Title: Need to conduct a CBI inquiry into the alleged scams in Bodo Territorial Council in Assam.

**श्री नव कुमार सरनीया (कोकराझार):** सभापति महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र कोकराझार के एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि असम के दिमा हसाऊ में एक हजार करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार का आरोप लगने के जैसा बीटीसी में भी भ्रष्टाचार तथा आर्थिक अनियमितता का आरोप असम की जनता के जुबान पर हैं। वहां बहुत सारी योजनाएं पूरी नहीं हुई हैं और यह कागजों में सिमट कर रह गई है।

उसी प्रकार कोई वित्तीय अनुमोदन अधिकार न होने के बावजूद हजार करोड़ रुपये की सप्लाई अथवा निर्माण कार्य ने बीटीसी को वित्तीय संकट में ला खड़ा किया है। हजारों टेट और ओबीबी शिक्षकों को सालों से वेतन नहीं मिलने के कारण बिना वेतनों से ही शिक्षा कार्य करना पड़ रहा है।

उनके आरोप के अनुसार उन लागों के वेतन में धांधली कर इसे अन्य कामों में खर्च किया जा रहा है। केन्द्र द्वारा आबंटित की गई स्पेशल सेंट्रल असिस्टेंस फंड की बीच-बीच में सटीक निगरानी होनी चाहिए, जो अभी तक नहीं हुई है। खासकर मेरे कार्यकाल में तो एक बार भी नहीं हुआ है, इसलिए केन्द्र सरकार द्वारा आबंटित किए गए प्रत्येक फंड को किस तरह से खर्च किया जाए, इसे "दिशा" के अंतर्गत लाना चाहिए, साथ ही बीटीएडी के चारों जिले में सीबीआई या संसदीय संयुक्त कमेटी द्वारा जांच करने के लिए मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं।